(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

निर्माण, श्रावास तथा नगरीय विकास मंत्री (श्री मेहर चन्द खन्ना): (क) जी हां।

(ख) श्रौर (ग). 439 परिवारों को वैकल्पिक वास दे दिया गया है। योजना की शर्तों के अन्तर्गत इसके लिए श्रौर लोग पात्र नहीं थे।

नई दिल्ली में इर्विन रोड की दुकानों में श्राग लगना

2685. **श्री बड़े :**
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री काशीराम गुप्त :
श्री श्रोंकार लाल बेरवा :

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) क्या यह सच है कि नई दिल्ली में इर्विन रोड की चार दुकानों में श्राग लग जाने के कारण लगभग 15,000 रुपये का नुक्सान हुश्रा है ;

(ख) यदि हां, तो श्राग लगने के क्या कारण थे ; श्रौर

(ग) सरकार ने श्राग से प्रभावित लोगों को क्या सहायता दी है ?

स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन मंत्री (डा० सुशीला नायर) : (क) से (ग). श्रभी विगत दिनों में इर्विन रोड की दुकानों में श्राग लगने की कोई घटना नहीं हुई।

झुग्गियों को गिराना

2686. **श्री बड़े :**
श्री काशीराम गुप्त :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री श्रोंकार लाल बेरवा :

क्या **निर्माण, श्रावास तथा नगरीय विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली नगर निगम के सहायक श्रायुक्त द्वारा दिये गये श्राश्वासन के बावजूद भी राजौरी गार्डन क्षेत्र में 250 झुग्गियां गिराई गई थीं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि इन झुग्गियों को गिराते समय पुलिस ने कुछ झुग्गी-वासियों के साथ दुर्व्यवहार किया ; श्रौर

(ग) यदि हां, तो ऐसे श्राश्वासन के बावजूद इन झुग्गियों के गिराये जाने के क्या कारण थे ?

निर्माण, श्रावास तथा नगरीय विकास मंत्री (श्री मेहर चन्द खन्ना): (क) झुग्गियां इसलिए गिरा दी गयी थीं क्योंकि वे सभी श्रनधिकृत थीं। जैसाकि उल्लेख किया गया है ऐसा कोई श्राश्वासन नहीं दिया गया।

(ख) जी नहीं।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

Master Plan for Flood Control

2687. **Shrimati Renuka Barkataki:** Will the Minister of **Irrigation and Power** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a Master Plan for flood control has been formulated by Government; and

(b) if so, the details thereof ?

The Minister of Irrigation and Power (Shri Fakhurddin Ahmed): (a) No.

(b) Does not arise.

नई दिल्ली में लाजपत नगर में विषाक्त भोजन का मामला

2688. **श्री बड़े** : क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) क्या यह सच है कि जून, 1966 के श्रन्तिम सप्ताह में मिठाई खाने के बाद